हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 9 मई 2024

13 छात्रों व अध्यापकों को दिलवाई निष्पक्ष ...



14 पिछले डेढ़ माह से दूषित पेयजल की समस्या झेल...



**खबर संक्षेप**

### क्रिकेट टीम में चयन के लिए ट्रायल कल

**भिवानी।** महम रोड बाल भवन स्थित क्रिकेट अकादमी में हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 16 आयुवर्ग के लिए जिले की क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल 10 मई शुक्रवार को प्रातः 9 बजे होगी। पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 आयुवर्ग या इससे कम आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

### कॉलेज में परीक्षा दे रही छात्रा का बैग चोरी

**लोहारू।** राजकीय कन्या कॉलेज में परीक्षा देने गई छात्रा का बैग चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के बैग में तीन सहेलियों के मोबाइल फोन व नकदी सहित जरूरी कागजात मौजूद थे। छात्रा ने इसकी शिकायत लोहारू पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में राजकीय कन्या कॉलेज की छात्रा गोठड़ा गांव निवासी नीकी ने बताया कि वह कालेज में परीक्षा देने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने अपना बैग कॉमन रूम में रख दिया। उस बैग में सहेली सुजाता व सोमवती के भी फोन रखे हुए थे तथा बैग में नकद राशि भी रखी हुई थी।

### अस्पताल में रिटायर्ड मेजर के बैग से पैसे चोरी

**चरखी दादरी।** रूदड़ौल निवासी सेना से रिटायर्ड मेजर के बैग से अज्ञात व्यक्ति रुपये व दस्तावेज चोरी कर ले गया। मेजर बैक से रुपये निकलवाने के बाद अस्पताल में गया था। रूदड़ौल निवासी रिटायर्ड मेजर सुखीराम ने बताया कि उसने दादरी स्थित पीएनगी से एक लाख रुपये निकलवाए थे। बैग में 6 हजार पहले से रखे हुए थे। इसके बाद वह स्कूटी से काठमंडी स्थित अस्पताल में चला गया। अस्पताल परिसर में उसने बैग मेज पर रखा दिया तथा चेकअप के लिए डॉक्टर के कमरे में चला गया। वहां से वह बैग लेकर ईसीएचएस अस्पताल चला गया। ईसीएचएस परिसर में दस्तावेज निकालने के लिए बैग खोला तो रुपये नहीं मिले।


# पॉलीथिन के कारण फूली नालों की सांसें पानी गलियों में ज्यादा, नालियों में कम

## पूरे शहर की सीवर व्यवस्था पतली, मेनहोल का पानी सड़कों पर फैल रहा

पूरे दिन नालों का पानी कभी किसी तरफ तो कभी किसी तरफ बहता नजर आ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

यही हकीकत





भिवानी। नाले में जमा पॉलीथिन और गाद का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

शहर में सफाई व्यवस्था चौकस होने के लाख दावे करते हो,लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के अंदरूनी हिस्सों में बने नालियों व नालों की सफाई न होने की वजह से उपर तक गंदगी से अट गए है। हवा के झौंकों के साथ नालों में गिरे पॉलीथिनों के रेपरों ने उनकी श्वसन प्रक्रिया पूरी तरह से तोड़ दी है। शिल्ट होने की वजह से पानी नालों की बजाए सड़कों व गलियों में फैल रहा है। ये स्थिति जब है बनी है,तब बारिश नहीं हुई। अगर जरा सी भी बारिश हो जाती है तो शहर में जगह.जगह जलभराव की स्थिति बन जाएगी।

वैसे तो पूरे शहर की सीवर व्यवस्था पतली है। कही सीवर ओवरफलो तो कहीं पर मेनहोल का पानी सड़कों पर फैल रहा है। पर अंदरूनी शहर में बने नालों व नालियों की स्थिति बेहद खराब है। उन नालियों व नालों की सफाई न होने की वजह से उनमें एक एक फुट तक गाद जमी है। गाद के साथ जमा पॉलीथिन ने पूरी तरह से नालों की नाक को बंद कर दिया है। घरों से निकलने वाला पानी आगे बहने की बजाए सड़कों व गलियों में बह रहा है। कई नालों में हवा के झौंकों के साथ पॉलीथिन बह कर आने की वजह से उपर तक भरे पड़े है। थोड़ा सा घरों व कॉलोनियों का पानी आते ही नाले जवाब दे देते हैं। पानी आगे निकलने की बजाए वहीं पर चक्कर काटने लगता है। यह स्थिति सबसे ज्यादा बाजार व अंदरूनी शहर में बनी है। पूरे दिन नालों का पानी कभी किसी तरफ तो कभी किसी तरफ बहता नजर आ रहा है। जो कि लोगों के लिए नई परेशानी खड़ी किए हुए है। सीवर ओवरफ्लों होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हर माह होनी चाहिए नालों की सफाई

नालियों की तो सप्ताह में एक बार तथा नालों की सफाई हर माह होनी चाहिए,लेकिन स्थिति उसके उलट है। नालों की सफाई न होने की वजह से उनमें कहीं पर आधा तो कहीं पर एक फुट तक शिल्ट जमा है। गाद की वजह से पानी आगे जाने की बजाए गली व सड़कों पर फैल रहा है। नालियों की सफाई न होने से उनमें भी गाद जमा है। कायदे से जो नाली व नाले नगरपरिषद के अंडर आते है। उनकी नियमित सफाई होनी निहायत जरूरी है। जो नाले पब्लिक हेल्थ के है।उनकी महीने में कम से कम एक बार तो साफ करना ही चाहिए। ताकि लोगों के घरों से निकलने वाला पानी नालों के जरिए डिस्पोजल तक जा सके।

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार की अस्पताल में मौत

**बहल।** बहल से अपने गांव सेरला जा रहे एक युवक की बाइक को किअप चालक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चालक बाइक सहित सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे लोहारू अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में सेरला निवासी अजय कुमार ने बताया कि वह अपने ताऊ के लड़के राजकुमार के साथ बहल आए थे।

- पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

काम करने के बाद उसका भाई बाइक पर सेरला की तरफ जा रहा था जबकि वह अपने गांव के ही राकेश के साथ उसके पीछे गाड़ी से जा रहे थे। जैसे ही उसका भाई बहल से सेरला की तरफ दो किमी दूरी तक पहुंचा था तो सामने से पिकअप चालक ने उसके भाई की बाइक में सीधी टक्कर मारी जिससे वह बाइक सहित सड़क पर जा गिरा। उसने अपने साथी के साथ भाई को संभाला और उसे बहल के अस्पताल में लेकर आए। चोटें ज्यादा होने के कारण उसके भाई को लोहारू रैफर कर दिया। वह गंभीर हालत में भाई को लोहारू के सिविल अस्पताल लेकर गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पीएलए लोक अदालत में 336 प्रकरणों का किया निपटारा

**भिवानी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकुला के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव सूर्य प्रताप सिंह के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर में पीएलए लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस स्थाई लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के 371 मामले उठाए गए, जिनमें 336 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिवानी दीपक अग्रवाल ने बताया कि लोक अदालत में 371 मामले उठाए गए। इस स्थाई लोक अदालत में कुल 336 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से नामांकन की छंटनी के बाद 17 उम्मीदवार शेष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए 23 उम्मीदवार में से सात मई को हुई छंटनी के बाद 17 उम्मीदवार शेष बचे हैं। अब नौ मई को दोपहर बाद तीन बजे तक नाम वापिस लिए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि आम लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 23 उम्मीदवारों ने कुल 30 नामांकन दाखिल किए थे निर्धारित समय पर छंटनी का कार्य किया गया।


छंटनी के बाद 17 उम्मीदवार शेष बचे हैं। जिन उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया है उनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से राव दानसिंह, भारतीय जनता पार्टी से धर्मबीर, जननायक जनता पार्टी से बहादुर सिंह, बहुजन समाज पार्टी से सुनील कुमार शर्मा, भारतीय जवान किसान पार्टी से आनंद कुमार, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बलवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से भारत भूषण, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट से रोहतास, बहुजन मुक्ति पार्टी से वर्षा, राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी से सुभाष के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार जगदीश, जयसिंह, इंजीनियर महावीर सिंह यादव, योगबीर सिंह, वेद प्रकाश, सीमा व हेमंत शामिल हैं।

## लोकतंत्र के महापर्व में सबकी हो सहभागिता: तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

तहसीलदार अंकित बैनीवाल ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती और सशक्त राष्ट्र के लिए मतदान अति आवश्यक है। प्रत्येक मतदाता को संविधान प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट का महत्व है। तहसीलदार बुधवार को स्वीप अभियान के तहत पीएस नवयुग वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर बच्चों को लोकतंत्र में वोट की ताकत के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि एक वोट से कई बार जनप्रतिनिधि पराजित हो जाते हैं तो किसी की जीत हो जाती है। स्कूली बच्चों का आहव्रान किया कि अभिभावकों से वोट डालने की अपील करें। तहसीलदार अंकित बैनीवाल ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की हिस्सेदारी हो और हर व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके लिए स्कूली बच्चे जागरूक करेंगे। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए नायब तहसीलदार रीतू पूनियां ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा।



- सबसे अच्छी सेल्फी को मिलेंगे दस हजार रुपये: तहसीलदार

इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेताओं को 10 हजार, 5 हजार रुपये और ढाई हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

### विज्ञापन के लिए को एमसीएमसी कमेटी से प्रमाणपत्र लेना जरूरी

**भिवानी।** भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट



मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एमसीएमसी मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन भरते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा।

### गंभीरता से कार्य कर रहीएमसीएमसी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी पूरी गंभीरता से अपना कार्य कर रही है। इसके अलावा पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कमेटी चुनाव के दौरान ऐसे समाचारों पर पैनी नजर रखेगीए जो पेड न्यूज की श्रेणी में आते हैं।

# बंद मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

## गांव गारणपुरा कलां में चोरों ने दिनदहाड़े दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज : तोशाम

गारनपुरा कलां में बंद मकान से मंगलवार को दिन में एक से 4 बजे के बीच तीन लाख रुपये नकदी, 50 ग्राम सोना व 500 ग्राम चांदी चोरी कर ली। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड टीम, एफएसएल व फिंगर प्रिंट लेने के लिए टीम मौके पर पहुंची। मकान मालिक को चोरी से करीब सवा छह लाख रुपये का नुकसान हो गया।

**पड़ोसियों ने दी सूचना:** गारनपुरा कलां निवासी नरसिंह ने बताया कि वह व उसका परिवार दिल्ली मे रहता है। मकान बन्द था। बुधवार को पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही नरसिंह दिल्ली से घर के लिए रवाना हुआ। घर आकर नरसिंह ने देखा तो सामान बिखरा हुआ था, ताला टूटा पड़ा था। मकान से 3 लाख की नगदी, 50 ग्राम सोना व 5 सौ ग्राम चांदी गायब मिला। नरसिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड टीम, एफएसएल व फिंगर प्रिंट लेने के लिए टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



भिवानी। घटना के बाद जांच करते पुलिसकर्मी। फ़ोटो : हरिभूमि

- पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड टीम, एफएसएल व फिंगर प्रिंट लेने के लिए टीम मौके पर पहुंची और जांच की

## सेल्फी अपलोड करने वाले बच्चों को ड्रा के माध्यम से मिलेगा पुरस्कार: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा लिंक, आठ बजे तक अपलोड होगी सेल्फी

हरियाणा राज्य निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। जो बच्चे अपने परिजनों को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मतदान के बाद अभिभावकों के साथ अपनी सेल्फी को सीईओहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर अपलोड करेंगे, उनको ड्रा के माध्यम से पुरस्कार दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान के बाद जो बच्चें अपने परिजनों के साथ सेल्फी लेकर आयोग की वेबसाईट पर अपलोड करेगा इनमें सबसे अच्छी सेल्फी को दस हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर लक्की ड्रा निकाला जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए सीईओहरियाणाण्जीओवीण्इन पोर्टल पर एक लिंक बनाया गया है। यह लिंक मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। उन्होंने बताया कि सुबह सात बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि आठ बजे क सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव.2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है।

**बवानीखेड़ा विस क्षेत्र की एसएसटी व वीएसटी टीम की समीक्षा बैठक**

# एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने नाकों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भिवानी महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर हिसार रणजीत सिंह मधुकर आईआरएस की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की एसएसटी व वीएसटी टीम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एसडीसी एवं एआरओ हर्षित कुमार भी मौजूद रहे।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने को लेकर चुनावी खर्च की कड़ी निगरानी के साथ.साथ प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का रिकार्ड निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप बिल्कुल सही ढंग से रखें। समीक्षा बैठक में एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने जिला मे चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि लोकसभा को चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने में चुनावी खर्च का ब्यौरा सही ढंग से रखना सबसे जरूरी है। प्रत्याशी के शैडो रजिस्टर से भी मिलान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो टीमें फील्ड में नियुक्त की गई हैंए उनकी प्रतिदिन रिपोर्ट लें। किसी भी जनसभा या रैली के खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखें। उन्होंने कहा कि सभी एसएसटीए एफएसटी व वीएसटी से जुड़े सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ करें ताकि कोई भी राजनीतिक पार्टी या व्यक्ति आचार संहिता का उल्लंघन न कर सके। मधुकर ने एडीसी एवं एआरओ बवानीखेड़ा हर्षित कुमार को साथ लेकर सुंदर ब्रॉंच नहर नांके का औचक निरीक्षण किया और नाके पर मौजूद टीम को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में कहीं भी शराब की तस्करी या अवैध बिक्री न हो। इसी प्रकार से कैश के आदान.प्रदान पर भी नजर रखी जाए। महंगे गिफ्टों पर निगाह रखनी जरूरी है गाड़ियों की तलाशी के दौरान यह भी देखा जाए कि उसमें महंगा गिफ्ट तो नहीं है।



**भिवानी।** औचक निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

- चुनावी खर्च की कड़ी निगरानी के साथ-साथ प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का रिकॉर्ड निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप बिल्कुल सही ढंग से रखें: मधुकर

## एफएसटी और एसएसटी टीमों की रहेगी संदिग्ध वाहनों पर नजर: ऑब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू

आगामी लोकसभा चुनावों के चलते बुधवार को एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर प्रणेश गुप्ता ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव सोहांसड़ा में महेंद्रगढ़ की सीमा से लगते नाके सूरजगढ़ रोड नाका पिलानी रोड नाका सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया और संबंधित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रणेश गुप्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न करवाने को लेकर एफएसटी और एसएसटी टीमें संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखें।

- वाहनों की तलाशी के लिए कई जगहों पर नाके लगाए

वाहनों की तलाशी के लिए कई जगहों पर नाके लगाए गए है। किसी वाहन में जांच प्रक्रिया के दौरान मादक पदार्थ,शराब, नकदी इत्यादि पाई जाती है तो वाहन को इम्पाउंड व सम्बन्धित चालक के खिलाफ निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के पास उसके वाहन में 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी है तो उसके बारे में उसको पूरा विवरण देना होगा यदि वाहन चालक नकदी के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाता है तो सम्बन्धित टीमों द्वारा नकदी को जब्त कर लिया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति दस लाख से ऊपर रखता वे ले जाता पाया जाता है तो ये टीमें यह केस इनकम टैक्स विभाग के नोडल अधिकारी को सौंपेगी और विभाग द्वारा एक्ट के अनुसार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।






डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**


अवेयरनेस

डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

## कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान






सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

### सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

### साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

### सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

### तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

### साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान



**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

### लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

हेल्थ न्यूज

## विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

औषधीय पौधे / दीपिका शर्मा

## फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी



बीमारियों से बचने के लिए अच्छे खान-पान की जरूरत होती है। अच्छे खान-पान में सबसे पहले जिक्र आता है फलों का। जिनके रोजाना सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत के मामले में ना सिर्फ फल बल्कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं? इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**अमरूदः** अमरूद के पत्ते भी हमें सेहतमंद बना सकते हैं। इनमें फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी अमरूद के पत्तों को कारगर माना गया है।

**पपीताः** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज हैं। इसके पत्तों में कई प्रकार के एंजाइम्स होते हैं, जैसे पेपीन, कायोमोपेन आदि। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। पपीते के बीज भी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमे काफी मात्रा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे ओलिक एसिड, पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनॉइड्स होते हैं, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं।

**अंगूरः** अंगूर की पत्तियों में फाइबर की मात्रा काफी होती है। इससे पाचन धीमा होता हैं। पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसके पत्तों में अंगूर से भी अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही इसमे मौजूद विटामिन ए की मात्रा भी आपको स्वस्थ रखती है। इसके पत्तों में कैल्शियम और आयरन भी होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और खून भी बढ़ाते हैं। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

आयुर्वेद

संध्या रानी

गर्मी दिनों-दिन बढ़ रही है। इस वजह से कई लोग घमौरियों से परेशान होते हैं। उससे बचाव और उपचार के लिए आप कुछ सरल घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। इनसे आपको ठंड का भी एहसास होगा।

## घमौरियों से बचने के सरल घरेलू उपचार



गर्मी और उमस की वजह से घमौरी होना एक आम समस्या है। इसमें त्वचा पर अनेक छोटे-छोटे लाल दाने निकल आते हैं। इसमें खुजली और बहुत जलन होती है। यह अधिकतर पीठ, छाती, गला, कमर और बगल के आस-पास होती है। इसे मेडिकल भाषा में मिलियारिया कहते हैं। इसे प्रिक्ली हीट भी कहा जाता है।

**घमौरी के कारणः** प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार घमौरी होने का मुख्य कारण पसीने की ग्रंथियों में रुकावट होना है। शरीर में विजातीय तत्व रोम छिद्र को बंद कर देते हैं, जिसके कारण शरीर से पसीना बाहर नहीं निकल पाता है। यही वजह है कि गर्मी और उमस भरा मौसम आने पर छोटी-छोटी घमौरियां निकल आती हैं। इसमें जलन के साथ-साथ दर्द भी होता है।

**घरेलू उपचारः** घमौरियों का पूर्ण इलाज तभी संभव हो सकता है जब शरीर के रोम छिद्रों के माध्यम से जो विष घमौरी के रूप में निकलना चाह रहा है, उसे बाहर निकाल दिया जाए। इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत ही कारगर उपचार है, जिसे आप आसानी से अपने घर पर ही कर सकते हैं।

**मिट्टी स्नानः** मिट्टी स्नान के लिए साफ जमीन से एक फीट नीचे की मिट्टी निकाल लें। मिट्टी से कंकड़, पत्थर और कूड़ा आदि निकाल कर साफ कर लें। फिर किसी बर्तन में रखकर पानी डाल दें। जब पानी के साथ मिट्टी गल जाए तब उसकी लुगदी सी बना लें। अब सुबह की धूप में बैठकर पूरे शरीर पर मिट्टी का गाढ़ा लेप करें। यदि धूप अधिक हो तो सिर पर कपड़ा रख सकते हैं। शरीर पर मिट्टी लेपने के बाद धूप में जरूर बैठना चाहिए। कुछ समय धूप में बैठने के बाद मिट्टी सूखकर अपने आप शरीर से छूटकर गिरने लगेगी। जब मिट्टी पूरी तरह से सूख जाए तब बची हुई मिट्टी को रगड़ कर छुड़ा देना चाहिए। इसके बाद ताजे पानी से स्नान कर शरीर को साफ कर लेना चाहिए। इस उपचार से घमौरी बिल्कुल शांत हो जाएगी और गर्मी में शरीर में कूलिंग का एहसास भी होगा। जिन स्थानों पर यह मिट्टी उपलब्ध न हो वहां मुल्तानी मिट्टी का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। परंतु इस स्थिति में यह ध्यान रखें कि इस लेप को सूखने पर पानी के छींटे देकर बार-बार भिगोते रहें। इस लेप को कम से कम एक घंटा लगा कर जरूर रखें। बेहतर होगा किसी अनुभवी नेचुरोथेरेपिस्ट के निर्देशन में ऐसा करें। कटि स्नान से भी घमौरियों से राहत मिलती है। इसे भी विशेषज्ञ के निर्देशन में ही लें।

**एलोवेरा का उपयोगः** एक कटोरी में एलोवेरा जैल लेकर पूरे शरीर पर लगाना चाहिए। इसका प्रयोग कम से कम तीस मिनट तक जरूर करना चाहिए। इसके बाद शरीर को ठंडे पानी से स्पंज कर लें या नहा लें। *

**(नेचुरोपैथ चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

सोनम लववंशी

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

## हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन

घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।



**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंडः** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणामः** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरतः** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

खबर संक्षेप

## शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान



**चरखी दादरी।** रेडक्रॉस विश्व दिवस पर उपायुक्त एवं सोसायटी की चेयरमैन मनदीप कौर के मार्गदर्शन में एमसीएच हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगराधीश आशीष सांगवान ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैज लगाया। शिविर में काफी संख्या में युवाओं छात्र-छात्राओं ने रक्तदान देकर कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्रत्येक मतदाता की पहचान की जाएगी सुनिश्चित

**चरखी दादरी।** वोट डालने से पहले प्रत्येक मतदाता की



वास्तविक पहचान सुनिश्चित की जाएगी। पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी मतदाता की पहचान के बाद स्याही लगाने, मतदाता के हस्ताक्षर व अंगूठे का निशान लेने आदि कार्य करेंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की पहचान को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए।



## वैश्य स्कूल में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**भिवानी।** वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया। प्राचार्य करतार सिंह जाखड़ जो स्वयं सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी हैं, उन्होंने स्वयंसेवको और कर्मचारियों के समर्पण एवं साहस की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि ये दिवस हेनरी डूनेंट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता हैं। बच्चों ने भी पोस्टर बनाकर व चित्रकला के माध्यम से समाजसेवकों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ताओं की जानकारी दी।

### चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप मतदाता जागरूकता अभियान

# छात्रों व अध्यापकों को दिलवाई निष्पक्ष मतदान करने की शपथ

**गांधी हाई स्कूल में विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व, मत प्रतिशत्ता बढ़ाकर ही लोकतंत्र को बनाया जा सकता मजबूत: सागर**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। निष्पक्ष मतदान करने की शपथ लेते विद्यार्थी व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

देश के भविष्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल तथा जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता के निदेर्शानुसार चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप द हरियाणा राज्य भारत स्काऊटस एंड गाईड्स 6 से 21 मई तक एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 15 दिवसीय पखवाड़े के तहत गुरप के पदाधिकारी विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को मत प्रतिशत्ता बढ़ाने को लेकर जागरूक कर रहे है, ताकि विद्यार्थी अपने परिजनों व आस-पड़ोस को इस बारे में जागरूक कर सकें।

इसी कड़ी में अभियान के तीसरे दिन बुधवार को दिनोद रोड स्थित गांधी हाई स्कूल मतदान जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के ग्रुप लीडर सागर ने की।

इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से रूबरू करवाया तथा प्राचार्या मीना ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलवाई। गुरप लीडर सागर ने बताया कि बीते एक मई को ग्रुप के सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें मतदान को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक करने के अभियान पर सहमति बनी थी। जिला आयुक्त (स्काउट) श्रीभगवान, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) पवन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) नरेश, जिला गुरप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड, गाइड कैप्टन पुष्पा ने स्कूली, गांव व शहर स्तर इस अभियान को जोर-शोर से चलाए जाने की बात कही। अभियान का आयोजन चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप के सह गुरप लीडर अंकित, सीनियर रोवर अमित कुमार, सह आयोजक सीनियर रोवर मनोज, सीनियर रोवर नवीन, सीनियर रोवर नितेश की देखरेख में किया जा रहा है।

## महिलाओं को मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



विद्यालय की संस्कृत प्रवक्ता सुनीति ने मतदाता जागरूकता के लिए तैयार किए भजनों व गीतों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। गांव नीमड़ीवाली के पंचायत घर में एकत्रित आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्थ वर्कर तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्राओं ने रंग बिरंगी, पट्टियों पर लिखे नारों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। छात्राओं व ग्रामीण महिलाओं ने डफली व ढोलक आदि वाद्य यंत्रों के साथ भजन एवं गीत गाकर लोकतंत्र के महापूर्व में सभी मतदाताओं को शामिल होने की आह्वान किया। छात्राओं ने 'करो-करो रे सभी मतदान' तथा 'वोट गेरण चालो रे' की सभी ने सराहना की तथा महिलाओं ने नाच गाकर अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। गांव की सरपंच कोमिला देवी तथा भूतपूर्व सरपंच स्नेह ने सभी को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया तथा बताया कि सभी 25 मई को घर से निकलकर अपने बहुमूल्य वोट को डालें तथा मजबूत लोकतंत्र का हिस्सा बने। विद्यालय प्राचार्या अनीता नाथ ने भी आह्वान किया कि लोकतंत्र के इस पर्व को सभी धूमधाम से मनायें तथा शांतिपूर्ण ढंग से अपने मत का प्रयोग करें। कार्यक्रम में संतर, मित्तल, बाला, अंजू, संतरा चमेली व रेखा आदि महिलाओं ने भाग लिया। वहीं समस्त स्टाफ रीटा, सरोज, ललिता, राजेश कुमारी, नवीन सांगवान, श्रीपाल, योगेश, विष्णु रमन और राज कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

## केएम पब्लिक स्कूल में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में अंतरविद्यालय हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय अधिष्ठाता स्वर्गीय पुरुषोत्तमदास हलवासिया की स्मृति में किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में संघचालक भिवानी विभाग माननीय सत्यनारायण मित्तल पधारे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अलका शर्मा ने की।

विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत व अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वर्गीय पुरुषोत्तमदास हलवासिया की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संगीताचार्य हरीशचंद्र के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक गान की सुंदर प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। विद्यालय प्रशासन ने मुख्यतिथि का सम्मान किया। प्रतियोगिता में 19 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट विषयों पर महान कवियों द्वारा रचित सुंदर कविताओं 'मुझे अग्नि वीर बनने देना मा, नीड़ का निर्माण फिर-फिर, गंगा मां की पुकार की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ. अलका शर्मा, नीलम चराया, डॉ. सुमन, अंग्रेजी प्रवक्ता दीपमाला, ज्ञानेंद्र तेवतिया व डॉ. अनीता बिबियान ने निभाई। प्राचार्य विमलेश आर्य ने अतिथियों का आभार जताया।

### बाल वर्ग में द आर्यन स्कूल से अमीशा प्रथम

बाल वर्ग में अमीशा प्रथम द आर्यन स्कूल से, हलवासिया विद्या विहार से रक्षिता द्वितीय, जी लिट्रा वैली स्कूल से माहिरा तृतीय व आनंद स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से हार्दिक और पब्लिक स्कूल बाल भवन से वैष्णवी को क्रमशः प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। किशोर वर्ग में हलवासिया विद्या विहार से नंदिनी व वैश्य मॉडल स्कूल से स्वर संयुक्त रूप से प्रथम, शिशु भारती स्कूल से दीक्षा द्वितीय, केएम पब्लिक स्कूल से काशवी ने तृतीय, द आर्यन स्कूल से चैत्रिका तथा पब्लिक स्कूल बाल भवन से दैविक को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला।
वहीं तरुण वर्ग से केएम पब्लिक स्कूल से प्राची को प्रथम,हलवासिया विद्या विहार से प्रतिष्ठा को द्वितीय, आनंद स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से मनीषा को तृतीय तथा वैश्य मॉडल स्कूल से चिराग व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल से हेमन को क्रमशः प्रोत्साहन पुरस्कार मिला।

# जीव जंतु हमारे मित्र : परमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में घुसे गुभेरा को निकालते गोसेवक संजय परमार, साथ में स्कूल संस्थापक विजय शास्त्री।

जीव जंतु हमारे बहुत ही लाभदायक होते हैं, ये हमारे दुश्मन नहीं हमारे मित्र हैं, इस बात को चरितार्थ कर गौ सेवक संजय परमार ने आस्था स्पेशल स्कूल में घुसे जीव को पकड़कर एक विशेष संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीव जंतु हमारे मित्र होते हैं, इनसे घबराने की जरूरत नहीं है और हमें इन जीव जंतुओं को मारना नहीं चाहिए, बल्कि पकड़कर किसी जंगल में स्वतंत्र जीवन के लिए छोड़ देना चाहिए। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा एवं प्राचार्या सुमन शर्मा ने बताया कि लगभग चार बजे स्कूल में गुभेरा जीव कमरे के अंदर जाता दिखाई दिया तो अचानक भय सताने लगा। इसके बाद गौ सेवक संजय परमार के पास फोन किया और वह तुरंत प्रभाव से आस्था स्पेशल स्कूल में पहुंच गए और उस जीव को तलाश कर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि यह बहुत जहरीला जानवर नहीं है, लोगों में भ्रांति फैली है कि ये जहरीला जानवर है, लेकिन ऐसा नहीं हैं। हर किसी को स्वतंत्र जीवन जीने की छूट हैं, ये जीव गलती से घुस जाते हैं, जिसे मारने की बजाय गोसेवकों को सूचित करें, वे इसे पकड़कर कही ओर जंगल में छोड़ने का काम करते हैं। इस दौरान गौ सेवक संजय परमार, विजय शर्मा, सुमन शर्मा, चंद्रपाल व नेत्रहीन शुभम मौजूद थे।

# भगवान परशुराम ने सत्य का साथ दिया

- श्रीहरियाणा शेखावटी ब्रह्मचारी आश्रम मे एकता दिवस के रूप में मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

महम गेट स्थित श्रीहरियाणा शेखावटी ब्रह्मचारी आश्रम मे बुधवार को भगवान परशुराम को जन्मोत्सव राष्ट्रीय एकता के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर सनातनी पहुंचे। कार्यक्त्रम में भगवान परशुराम द्वारा दी गई शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए समाज व राष्ट्र की उन्नति में कार्य करने का आह्ववान किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने सभी वर्गों एवं धर्मों के लोगों को एकता के सूत्र में पिरौन का काम किया था। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म भले ही ब्राह्मण कुल में हुआ हो लेकिन उनके गुण क्षत्रियों की तरह थे। भगवान परशुराम सत्य एवं धर्म की रक्षा के लिए किसी भी त्याग से पीछे नहीं हटे। इस मौके पर सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर सनातनी ने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा सत्य एवं धर्म का साथ दिया तथा यह भी संदेश दिया कि सत्य एवं धर्म की रक्षा के लिए किसी भी कुर्बानी से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस अवसर पर कमांडर सुनील शर्मा, आरके शर्मा, सुनील शास्त्री, राहुल मुंढ़ाल, प्रदीप गुलिया, सुरेश सैन, कमल प्रधान, सुरेश सैनी,प्रमोद पुनिया, रविंद्र बापोड़ा, सोनू बजीणा, राजकुमार बीडीओ, अनिल शर्मा, हरीश हालुवास आदि मौजूद रहे।

## रामकथा की तैयारियां जोरों पर, आयोजन 17 से

हरिभूमि न्यूज,बहल

बहल की विवाहित बेटियों द्वारा कस्बे में आयोजित होने वाले 17 से 21 मई तक होने वाली रामकथा की तैयारियों जोरों पर है। रामकथा के आयोजन अन्य कार्यक्त्रमों के अलावा बेटियां दीपदान का विशेष आयोजन करेगी। दीपदान में बेटियां अपने अपने घर से दीप लाएगी और उनको अपने परिजनों सहित कथास्थल पर प्रज्जवलित करेगी। बेटियों द्वारा किए जा रहे इस आयोजन के लिए कस्बे में विशेष उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम आयोजन की सहयोगिका रेखा गर्ग चैहडिय़ा ने बताया कि कस्बे की बेटियों द्वारा आयोजित होने वाला यह कार्यक्त्रम अपने आप में अनूठा होगा। कार्यक्त्रम में बेटियां राम मंदिर से लेकर कथास्थल तक कलश यात्रा निकालेगी। कलश यात्रा में इन बेटियों के परिजनों के अलावा कस्बे की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होगी। वहीं, दीपदान कार्यक्रम के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है। दीपदान में हर बेटी अपने परिवार की महिलाओं सहित दीप लेकर कथास्थल पहुंचेगी और कथास्थल पर अपने नाम से प्रज्जवलित करेगी। इसके अलावा कथावाचन के एक दिन विशेष डांडिया का कार्यक्रम भी होगा। अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद कस्बे में पहली बार हो रही इस रामकथा के आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है।

# मॉडल संस्कृति स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू



लोहारू। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में विश्व रेडक्रास दिवस पर रेडक्रास का चिन्ह बनाते हुए विद्यार्थी।

- मौलिक अधिकारों के साथ नागरिकों को अपने कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए: वत्स

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा नागरिकों के मौलिक अधिकार और कर्तव्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

लीगल लिट्रेसी क्लब के नोडल इंचार्ज राजीव वत्स ने मौलिक अधिकारों के साथ साथ समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक उपचारों के अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इन अधिकारों के पीछे कानूनी शक्ति है सर्वोच्चय न्यायालय इन अधिकारों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकारों के साथ नागरिकों को अपने कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए संविधान में राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्रीय गान सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, 6 से 14 वर्ष की आयु के बालकों को शिक्षा का अधिकार देना आदि कर्तव्यों के बारे में भी बताया। इसके अलावा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रेडक्त्रॉस वालंटियर कमल शर्मा ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि हेनरी डुनेंट ने रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति की शुरुआत की थी। वह नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले पहले व्यक्ति थे। प्राचार्य राजीव आर्य ने बताया कि प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में शांति और मानवता की भलाई के लिए रेडक्रॉस ने अनेक कार्य किए हुए है।

# नगर परिषद में प्रोपर्टी आईडी तुड़वाकर होगी रजिस्ट्री



चरखीदादरी। नगर परिषद अधिकारियों से चर्चा करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

- नगर परिषद में ऑनलाइन करना होगा आवेदन

गत नवंबर माह में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार अगर किसी व्यक्ति को नगर परिषद क्षेत्र में प्लाट को भागों में बांटकर रजिस्ट्री करवानी है तो उसे पहले नगर परिषद से प्रोपर्टी आईडी को तुड़वाना होगा। इसके लिए ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। आईडी तुड़वाने के लिए भूखंड का आकर न्यूनत्तम 200 गज होना चाहिए और 100 गत से कम आकार के भूखंड की आईडी नहीं बन सकती है। ये जानकारी देते हुए नगर आयुक्त एवं एडीसी डॉ. जयेन्द्र सिंह ने बताया कि हाल ही में नप क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री को लेकर उपायुक्त के पास शिकायतें आ रही थी, जिसके आधार पर उपायुक्त ने कमेटी का गठन कर मामले की पड़ताल करने के निर्देश दिए थे।

कमेटी ने जांच के दौरान पाया कि नप क्षेत्र में भूखंडों की प्रोपर्टी आईडी को तोड़कर भागों में रजिस्ट्री करवाने को लेकर गत नवंबर माह में जारी पहले से दिशा निर्देश हैं। इन निर्देशों के अनुसार परिषद क्षेत्र में अगर कोई मालिक अपने भूखंड की भागों में रजिस्ट्री करवाना चाहता है तो उसे पहले नप को ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। उन्होंने बताया कि जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रोपर्टी आईडी को तुड़वाने के लिए भूखंड का आकार कम से कम 200 गज होना जरूरी है और किसी भी 100 गज से कम आकार के भूखंड की प्रोपर्टी आईडी नहीं बनाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन अप्लाई करने के बाद संबंधित निर्धारित समय में भूखंड के भाग की एक अस्थाई प्रोपर्टी आईडी मिलेगी, जोकि तीन महीने के लिए मान्य होगी। उन्होंने कहा कि अगर इस अवधि के दौरान उस भूखंड की रजिस्ट्री नहीं करवाई जाती है तो वह अस्थायी आईडी स्वतः निरस्त हो जाएगी और संबंधित को दोबारा अप्लाई करना होगा। एडीसी ने बताया कि प्रोपर्टी आईडी तुड़वाने के लिए आवेदन केवल अधिकृत क्षेत्र में ही किया जा सकता है। आवेदन करते समय मेन प्रोपर्टी आईडी का सभी बकाया टैक्स, विकास शुल्क आदि जमा करवाना होगा व प्रोपर्टी आईडी को स्वयं सत्यापित करना होगा।

### गोवंश संरक्षण के लिए 113 गोशालाओं का निर्माण करवाया

# राष्ट्रपति मुर्मू डॉ. सदानंद को करेंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



समाजसेवा के क्षेत्र में अपना सराहनीय भूमिका अदाकर अन्य लोगों के प्रेरणास्त्रोत बने स्वामी डॉ. सदानंद महाराज को 28 मई को पदमश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें ये अवॉर्ड महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों से मिलेगा। स्वामी सदानंद को मिलने वाले सम्मान से क्षेत्र के लोगों में खुशी है। श्रीकृष्ण प्रणामी विश्व परिषद के सचिव ने बताया कि सैनिक से संत बने स्वामी डॉ. सदानंद महाराज पिछले कई वर्षो से समाजसेवा क्षेत्र में अपनी सराहनीय भूमिका निभाते आ रहे है।

समाजसेवा के भाव से प्रभावित होकर बीते दिनों हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसिफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया था, जिसके बाद स्वामी डॉ. सदानंद को पदमश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वामी सदानंद राष्ट्रपति भवन के अशोक हॉल में डिनर भी करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि स्वामी सदानंद महाराज का जन्म भिवानी जिले के गांव जुईकलां में खंडेलवाल ब्राह्मण परिवार में आयुर्वेदाचार्य पिता ब्रजलाल व माता शिवबाई की कोख से एक अगस्त 1945 को हुआ था।

विद्या अध्ययन के पश्चात शिक्षक का दायित्व संभाला और बाद में देशसेवा के लिए सेना में भर्ती हो गए। इसके बाद वर्ष 1972 में श्रीकृष्ण प्रणामी पंथ में गुरूजी दीक्षित संत राधिकादास के तुम सेवा पाओगे पार आदर्श वाक्य से प्रभावित होकर धार्मिक क्षेत्र में पर्दापण किया।

### आठ हजार कन्याओं का करवाया सामूहिक विवाह

स्वामी डॉ. सदानंद ने आठ हजार कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया। गोवंश संरक्षण के लिए लगभग 113 गोशालाओं के निर्माण कार्य से 80 हजार बेसहारा गायों व नंदियों को आश्रय देने का पुण्य कार्य किया है। वहीं एक लाख पौधों का रोपण किया। एक लाख 25 हजार पोलियोग्रस्त रोगियों का निरीक्षण कर 35 हजार पोलियों रोगियों का ऑपरेशन के अलावा 45 हजार कैलीपस वितरण किया। स्वामी सदानंद द्वारा भारतीय सेना, थैलीसीमिया व कैंसर पीड़ितों के लिए 121 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 19 हजार यूनिट रक्त एकत्रित करवाया।

### केंद्र सरकार व चार राज्यों की सरकार को दी आर्थिक सहायता

स्वामी सदानंद ने समाज में बेसहारा, मंदबुद्धि व्यक्तियों के लिए विभिन्न आश्रमों की स्थापना की और उनके भोजन एवं दवाईयों की व्यवस्था का सद्प्रयास किया है। उन्होंने नारी शक्ति के उत्थान के लिए विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का भी शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर उन्होंने भारत को टीबी मुक्त अभियान के तहत 200 मरीजों को गोद लिया और उनका ईलाज करवाया। कोविड-19 महामारी के दौरान जनकल्याण के भारत सरकार को एक करोड़ 25 लाख 25 हजार 525 रुपये तथा चार राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल को 11-11 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग भी दिया।

## चुनाव लोकतंत्र का सबसे बडा पर्व है: अशोक रंगा

**चरखी दादरी।** गांव खेडी बूरा के निकट दादरी रोड पर स्थित एस डी एकेडमी निदेशक अशोक रंगा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का एक महान पर्व है देश का हर व्यक्ति जिसे भी मतदान करने का अधिकार मिला है उसे इस महान पर्व में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। हम एक लोकतांत्रिक देश के स्वतंत्र नागरिक हैं लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत जितने भी अधिकार देश के नागरिकों को मिले हैं उनमें सबसे बड़ा अधिकार मतदान का है। लोकतंत्रात्मिक देश का सबसे बड़ा पर्व मतदान दिवस हैए इसलिए मतदान से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अशोक रंगा ने सभी से शत प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है।

## खबर संक्षेप

### भारी वाहनों से सता रहा हादसों का डर

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के हांसी.भिवानी बिचला मार्ग पर तेज गति से वाहनों के गुजरने से एक्सीडेंट का भय बना हुआ है और प्रशासन को भी इस बात की जानकारी होने पश्चात इन पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा। कस्बावासियों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है और उसके बाद प्रशासन द्वारा भारी वाहनों का अंदर वाले मार्ग पर प्रवेश निषेध है के बोर्ड लगा दिए जाएंगें लेकिन उस समय हादसा बीत चुका होगा।

### रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का किया शुभारंभ

**भिवानी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थानीय रेडक्रॉस भवन में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेश नरवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान डीसी ने सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का भी शुभारंभ किया। शिविर के दौरान डीसी नरवाल ने युवाओं को रक्तदाता बैच एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। रैडक्रॉस सोसायटी स्टाफ ने डीसी नरवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीसी नरवाल ने कहा कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर कोई असर नहीं होता।

## समस्या का समाधान न होने पर फूटा क्षेत्रवासियों का गुस्सा, जताया रोष

# पिछले डेढ़ माह से दूषित पेयजल की समस्या झेल रहे सैनीपुरा के लोग

अधिकारियों की लापरवाही आम लोगों पर पड़ रही भारी। समस्या के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भिवानी

गर्मी के मौसम से राहत पाने का एकमात्र जरिया सिर्फ पानी ही होता है, लेकिन जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे शहर में पेयजल की समस्या भी बढ़ती जा रही है। हद की बात तो ये है कि कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद समाधान नहीं किया जा रहा, जिसके चलते मजबूरन नागरिकों को सड़कों पर उतरकर रोष जताना पड़ रहा है, ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया, जहां पिछले करीबन डेढ़ माह से दूषित पेयजल सप्लाई की समस्या झेल रहे वार्ड नंबर-25 के तहत आने वाले सैनीपुरा की गली नंबर 3 के निवासियों का गुस्सा फूटा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उन्हें स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने की बात कही। वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति क्षेत्र के लोग पिछले करीबन डेढ़ माह से दूषित पेयजल की समस्या से परेशान है। इस क्षेत्र के लोगों ने उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना है, ऐसे में क्षेत्रवासी समस्या के समाधान के लिए बार-बार उन्हें फोन करते है। पार्षद ने कहा कि वे क्षेत्रवासियों की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से मिलते है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दूषित पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर जिला प्रशासन व विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवा चुके है, लेकिन उनका समाधान नहीं हो रहा।


भिवानी। दूषित पेयजल की समस्या को लेकर विरोध जताते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

**अधिकारियों की लापरवाही के चलते समस्याओं का समाधान नहीं :** उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते मतदाताओं की समस्या का समाधान नहीं करवा पा रहे, जिसके चलते उन्हें बार-बार शर्मिंदा होना पड़ता है, ऐसे में वे अधिकारियों से मांग करते है दूषित पेयजल की समस्या का तुरंत प्रभाव से समाधान करवाया जाए। क्षेत्रवासी मीना, अंजू, भारती, शारदा सैनी, रोशनी, सुमित्रा, खुशबू, राजबाला, ओम, नितिन, रामपति, भरपाई ने कहा कि चुनावी दौर चला हुआ है तथा अलग-अलग पार्टियों के लोग वोट के लिए क्षेत्र में आते है, लेकिन समाधान की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे।

### हर घर नल-हर घर जल का नारा दे रही सरकार

उन्होंने कहा कि सरकार हर घर नल-हर घर जल का नारा देकर लोगों की पेयजल की समस्या दूर करने का दावा करती है, वहीं सरकार का ये दावा उनके क्षेत्र तक पहुंचते-पहुंचते विफल हो रहा है। वे करीबन डेढ़ माह से दूषित पेयजल की समस्या को झेल रहे है। दूषित पेयजल के कारण क्षेत्र के सभी घरों में परिवार के सभी सदस्यों को बीमारियों ने घेर रखा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दूषित पेयजल की इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे कड़ा कदम उठाने पर मजबूर होंगे।



# फसल नुकसान पर 30 दिन में सीधे किसानों के खाते में आएंगे पैसे

- राव दानसिंह ने दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव का किया दौरा, ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी का किया स्वागत
- वीरवार को होने वाले कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे शामिल।

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ महेंद्रगढ़

कांग्रेस की गारंटी मतलब न्याय की गारंटी है। कांग्रेस सरकार फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर करेगी। इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने दादरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने वीरवार को रावधली, कमोद, जयश्री, कोहलवास, लांबा, मिसरी, मिर्च, कासनी, सॉफ, हिंडोल, सांवड़, सकरोड, संजरवास फोगाट, रणकोली, बौध कलां, बौध खुर्द, मालकोश, निमड़ी, ऊन, रानीला, बास, अचीना, भागेश्वरी, झिंझर, लोहरवाड़ा, खातिवास, समसपुर आदि गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत किया। निर्दलीय विधायक सोमवीर सांगवान भी उनके साथ मौजूद रहे। विधायक सोमवीर सांगवान ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। तोशाम से पूर्व प्रत्याशी सीताराम सहित अन्य कई नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। राव दानसिंह ने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा ने हमेशा झूठी जुमलेबाजी की राजनीति की है। अब की बार लोग भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग सरकार से दुखी है। बीजेपी द्वारा किए गए वायदे प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने,15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हो रहे हैं।

# किसान सभा ने पंडित नेकीराम को दी श्रद्धांजलि

- सभी ने उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प, किया नमन

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा ने प्रातःकाल महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक व प्रसिद्ध किसान नेता पंडित नेकीराम शर्मा को उनकी 68वीं पुण्यतिथि पर घंटाघर चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की। कार्यक्रम में शामिल किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, एडवोकेट खुशीराम शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता रवि खन्ना ने कहा कि पंडित नेकीराम शर्मा आजादी आन्दोलन के प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता थे, जिन्होंने एनीबेसेन्त, बालगंगाधर तिलक के साथ सबसे पहले होमरूल आन्दोलन में शामिल होकर गिरफ्तारी दी थी, वे स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान 9 बार जेल गए तथा 2200 दिन तक जेल में रहे, 250 दिन कठोर कारागार झेलनी पड़ी, जिसमें उनसे चक्की पिसवाना व अन्य कठोर कार्य करवाना शामिल था। उन्होंने हांसी तहसील के किसानों का शोषण करने वाले अंग्रेज जागीरदार के विरुद्ध किसान आंदोलन लड़कर 20 गांवों के मुजारे किसानों को जमीन का हक दिलवाया। इसके लिए अलखपुरा गांव के चौधरी लाजपत राय के साथ मिलकर 9 जनवरी 1929 में हिसार जिले में किसान सभा का गठन किया।



भिवानी। पंडित नेकीराम शर्मा को नमन करते कामरेड ओमप्रकाश व अन्य।

**सरकार जनता को धर्म व जाति पर लड़वा रही:** किसान सभा दोनों महान किसान नेताओं की विरासत को संजोए रखने के लिए तोशाम में किसान भवन बनवा रही है। आज देश में दुर्भाग्यपूर्ण रूप से जनता को धर्म व जाति पर लड़ाकर कुछ तकते देश में तानाशाही स्थापित करना चाहती हैं, ऐसे महान नेताओं की विरासत को बचाने को वर्तमान लोकसभा चुनाव में उन तानाशाही ताकतों को धूल चटानी होगी।

### पंडित नेकीराम ने रैलियां कर जनता में राजनीतिक चेतना पैदा की

उन्होंने इस इलाके में 1920 व 1921 में दो बड़ी राजनीतिक रैलियां कर जनता में राजनीतिक चेतना पैदा की थी, जिसमें महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी, अली बन्धु, मदन मोहन मालवीय अन्य राष्ट्रीय नेताओं के साथ दो बार भिवानी आए। कार्यक्रम में महिला नेत्री सन्तोष देशवाल, महेन्द्र तंवर, चांदीराम मिताथल, रत्न कुमार जिंदल, नरेश शर्मा, कंवर सिंह जांगड़ा, नरेन्द्र धनाना, महाबीर फौजी, प्रताप सिंह सिंहमार, फतेसिंह श्योराण आदि मौजूद रहे।

# रिकॉर्ड विकास कार्यों से बौखलाया विपक्ष : धर्मबीर सिंह

- सबका साथ सबका विकास को लेकर चल रही है भाजपा

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास को लेकर चल रही है। यह बात भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह ने महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव देवनगर, जासावास, भाण्डोर ऊंची, कौथल खुर्द, कौथल कलां, नानगवास, डेरौली जाट, कूकसी, गुलावला, खेडक्की, पाल, गडानिया, बैरावास, पल्ह, निहालावास, नांगल सिरोही, खातीवास,बेरी, भाण्डोर नीची, जोनावास, जाटवास, जांजडियावास, छाजियावास, निम्बी, दूलोठ, खेरौली व पायगा में का दौरा करते समय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर जनजातीय संस्कृति का सम्मान और संरक्षण करेंगे, 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित किया जाएगा और डिजिटल जनजातीय कला अकादमी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन उपज पर आधारित स्टार्टअप और एसएचजीएस को प्रोत्साहन दिया जाएगा, मुद्रा ऋण को दोगुना किया जाएगा, पीएम स्वनिधि एवं पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं का विस्तार कर ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लोगों को आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएंगे। पीएम आवास योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देकर उनके अनुरूप किफायती एवं सुलभ आवास प्रदान करेंगे। ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार द्वारा कराए गए रिकार्ड विकास कार्य से बौखला गई है । राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर कांग्रेस सदैव चुप रही है। मोदी सरकार ने झूठे वादों नहीं किए अपितु धरातल पर काम करे दिखाया है। पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जनता से वायदा करती है उसे पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले चुनावों के घोषणा पत्र में जनता से जो वायदे किए थे उन्हें पूरा भी करके दिखाया है और आगे भी पूरा करेंगे। यहां यह बताते चले कि 10 मई को भिवानी शहर में समर्थक निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह के पक्ष में रोड शो निकालेंगे। इस अवसर पर यादव सभा के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राव पायलेट,पार्षद देवेन्द्र यादव, राजेन्द्र शर्मा उर्फ राजू, विद्यानंद लांबा व अन्य मौजूद रहे।


भिवानी। आयोजित जनसभा को संबोधित करते निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह।


बवानीखेड़ा। बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया विश्व रेडक्रास दिवस

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कक्षा छठी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। मंच का कुशलतापूर्वक संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा करीना द्वारा किया गया। सर्वप्रथम छात्रा मुस्कान ने अपने ओजस्वी भाषण के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि यह दिवस रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। उन्होंने 1863 में रेड क्रॉस की स्थापना की। विश्व रेडक्रॉस दिवस पहली बार 1948 में मनाया गया। उसके बाद प्रतिवर्ष 8 मई को यह दिवस मनाया जाने लगा। कक्षा छठी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा का महत्व दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज मिश्रा ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

# 36 का एनसीसी जूनियर विंग में चयन

- डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में छात्रों की कामयाबी से जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भिवानी

कोंट रोड स्थित डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में आठ मई बुधवार को एनसीसी 11 हरियाणा बटालियन के कमाडिंग ऑफिसर कर्नल रणधीर सिंह के दिशा-निर्देश में नए कैडेट्स का चयन किया, जिसमें करीब 95 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनसे प्रथम वर्ष में आर्मी विंग जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग के लिए 36 कैडेट्स का चयन किया। एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया में बहुत बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों में सेना के प्रति जनून देखते ही बनता था। कैडेट्स के चयन प्रक्रिया में विभिन्न शारीरिक गतिविधियों व लिखित परीक्षा द्वारा नायब सूबेदार हरपाल सिंह व हवलदार जनार्दन सिंह ने कैड्ट्स का नामांकन किया और उनके द्वारा के द्वारा सभी छात्रों का शारीरिक व मानसिक दक्षता का परीक्षण किया। इस अवसर पर एनसीसी इंचार्ज सेकंड ऑफिसर राजेश कुमार ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से वे एक अच्छा इंसान बन सकते हैं। उन्होंने एनसीसी का महत्व बताकर कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। अभी से अनुशासन में रहकर आत्मनिर्भर बनने के लिए उन्हें प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स आगे चलकर सेना में भर्ती हो सकते है।


भिवानी। एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयनित प्रक्रिया से गुजरते विद्यार्थी।



### बुजुर्गों ने ली ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने की शपथ

**भिवानी।** बुधवार को चौ. बंसीलाल पार्क में सुबह सवेरे घुमने आए बुजुर्गों ने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई। डॉ. तरूण शर्मा वैलफेयर सोसायटी तोशाम के अध्यक्ष आदित्य शर्मा ने युवाओं व बुजुर्गों से आहवान किया कि वे घर घर जाकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के प्रति जागरूक करें। चूंकि ज्यादा मतदान करके ही लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव पर्व पांच साल में एक बार आता है। हर किसी को जिसका मत हो। उस व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करके लोकतंत्र की मजबूती में मदद करें। साथ ही उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे मतदान वाले दिन व उससे पहले भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करें। जो बुजुर्ग मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हो। उस बुजुर्ग मतदाता को वहां तक ले जाने में सहयोग करे।


भिवानी। स्कूल में पौधरोपण करते विद्यार्थी व अन्य।

### बच्चों को जल, पर्यावरण व बिजली बचाने की सीख बचपन से ही दें

**भिवानी।** बच्चों को पृथ्वी बचाने के बारे में जागरूक करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाले वर्षो में वे हमारी विरासत और हमारे गृह के रखवाले होंगे। पृथ्वी को जीवन के योग्य बनाने के लिए वृक्ष अति आवश्यक है, इसीलिए प्रत्येक बच्चे को कम से कम अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। ये बात त्रिवेणी बाबा ने पुलिस लाइन स्थित डीएवी स्कूल में त्रिवेणी लगाने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि पानी व बिजली संरक्षण की सीख हर अभिभावक को बच्चे को बचपन से ही देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घर से ही गई शुरूआत आगे चलकर पृथ्वी के लिए बड़ा असर दिखाएगी। स्कूल प्राचार्य दिवाकर तिवारी ने बताया कि आज भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की प्राथमिकता पृथ्वी बचाना होनी चाहिए, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा, शंकर नर्सरी संचालक चंद्रमोहन सहित स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## इंसानों के साथ पशुओं को भी सताने लगी दिनों दिन बढ़ती गर्मी

# पशुओं के लिए नया तूड़ा घातक, कब्ज की बन रही समस्या

- पशुपालक पशुओं को पुराना तूड़ा या हरा चारा ही खिलाएं : डॉ. रविंद्र
- पशुओं में ड्री-हाइड्रेशन से हो सकता बुखार, दिन में तीन-बार पिलाएं पानी : डॉ. सहरावत

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भिवानी

दिनो दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, ऐसे ये गर्मी इंसानों के साथ-साथ पशुओं को भी सताने लगी है, जिसके चलते पशु बीमारियों का शिकार हो रहे है। गर्मी में पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग ने पशुपालकों को सलाह दी कि पशुओं को गर्मी से बचने के लिए पशुपालक विशेष उपाय करें। विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने बताया कि आजकल नया तूड़ा आया हुआ है और गर्मी का समय है, ऐसे में पशुओं में बंधे की समस्या ज्यादा आ रही है। उन्होंने कहा कि हर रोज अस्पतालों में ऐसे केस आ रहे है। उन्होंने कहा कि पुराना तूड़ा घर पर हैं तो पशुपालक अभी नया तूड़ा पशुओं को न दें। कोशिश करें कि पशुपालक हरा चारा अच्छी मात्रा में पशुओं के तूड़े में मिलाएं। पशुओं को ठंडी जगह पर बांधे, अगर बाहर पेड़ के नीचे बांधा जाए तो उसके आसपास पानी का छिड़काव करें। घरों के अंदर बंधने वाले पशुओं के ऊपर पंखे व कूलर की व्यवस्था करें। जंगले आदि में बोरी बांधकर रखे और उन्हें समय-समय पर पानी से गीला करते रहे। पशु को दिन में तीन-चार बार पानी पिलाएं, क्योंकि लू की वजह से पशुओं में पानी की कमी हो जाती है तथा डी-हाईड्रेशन की वजह से बुखार भी आ जाता है, जिससे पशु चरना भी छोड़ देता है तथा कई पशुओं को दस्त भी लग जाते है।


भिवानी। गोवंश का उपचार करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### हरा चारा ज्यादा खिलाएं

उन्होंने कहा कि पशुओं को सूखा तूड़ा कम व हरा चारा ज्यादा दें। बीमार पशु का तुरंत पशु चिकित्सक से उपचार करवाएं। गर्मी व लू की वजह से पशुओं मे डी-हाईड्रेशन व बंधे की समस्या बढ़ रही है और हर रोज ऐसे केस आ रहे है। पशुपालक नया तूड़ा कम खिलाएं और नया तूड़ा खिलाएं तो उसे रात को मीठे सोडे व पानी का छिड़काव करके रखे और फिर पशु को खिलाए। अगर पशु हांफ रहा है तो उसके चारे में भांग जो नहरों आदि पर खड़ी होती है, उसे काटकर 300 ग्राम चारे में मिलाकर 3-4 दिन खिलाएं।

### रात को मटके में 200 ग्राम गुड़ भिगोकर रखे और सुबह तूड़ी में मिलाकर पशु को खिलाएं

पशु चिकित्सक विजय सनसनवाल ने बताया कि रात को मटके में 200 ग्राम गुड़ भिगोकर रख दें और सुबह उस पानी का तूड़ी पर छिड़काव करके खिलाएं, ये भी पशु के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि अगर पशु को बंध है या कब्ज है तो 50 ग्राम मीठा सोडा, 50 ग्राम नमक, 50 ग्राम अदरक, 50 ग्राम गुड़ मिलाकर लड्डू बना लें व सुबह-शाम एक-दो दिन तक दें। 100 ग्राम सादा नमक, 200 ग्राम मेगसल्फ केरो और 30 ग्राम सौंठ आधा लीटर पानी में पिलाएं।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET S.S.C.
अग्निवीर C.E.T.
रेलवे N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973